सार-समाचार

दुर्गा पूजा महोत्व में उमडा श्रद्धा का सैलाब

चूरू । ओम कालोनी स्थित वार्ड 31 में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नव दुर्गा समिति की ओर से 13वीं दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। दुर्गा पूजा में शुक्रवार को मां दुर्गा की भव्य आरती की गई। दुर्गा पूजा महोत्सव में बड़ी संख्या में महिलाओं की भीड़ उमड़ी। मुख्य यजमान रमेश चंद्र गहलोत ने सपत्नीक पूजा अर्चना की। पं. अंजू ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना करवाई। कार्यकर्ता लालचंद प्रजापत ने बताया कि रविवार को विशाल रात्रि जागरण का आयोजन किया जाएगा। जागरण में सिरसा के कलाकारों द्वारा विभिन्न प्रकार की झांकियां का प्रदर्शन सभी के आकर्षण का केन्द्र रहेगा। वहीं जागरण में गायक कलाकार सांवरमल सिरसा वाले अपनी मधुर वाणी से भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। इस अवसर पर बुद्धि प्रकाश, सुरेश भार्गव, सुरेश कुमार प्रजापत, लक्की, भूपेंद्र दानोदिया, मोहित सैनी, पवन कुमार, श्रवण चंदेल सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

शान्ति समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित

तारानगर । आगामी त्यौहारों के मद्देनजर देखते हुए शनिवार शाम को तारानगर थाना परिसर में शान्ति समिति सदस्यों की बैठक आयोजित हुई। जिसमें यातायात व्यवस्था, चोरियों पर अंकुश लगाने, रात्रि गश्त बढ़ाने, सीसीटीवी कैमरे लगाने सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गयी। डीएसपी रोहित सांखला व सीआई सतवीर मीणा ने सभी से कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सहयोग करने को कहा। शान्ति समिति के सदस्यों ने यातायात सुधारने, अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने, काले शीशे की गाड़ियों पर रोक लगाने, महिला कॉलेज के पास महिला कॉंस्टेबल की ड्यूटी लगाने, शहर में लाइब्रेरी को समय पर बंद करने आदि की मांग उठी जिस पर डीएसपी रोहित सांखला व सीआई सतवीर मीणा ने कहा हम सब मिलकर इन सभी पर सभी अंकुश लगाने लगाएंगे। इस मोके पर समाज सेवी अमर सिँह चारण, मोहरसिंह ज्याणी, मोहम्मद तैयब, एएसआई सुमेर सिँह मीणा, हरी इंदौरिया, बाबू हुसैन कुरैशी, वीर बहादुरसिँह राठौड़, तिलोक रेगर, कॉंस्टेबल राजू नायक, ओमप्रकाश हुड्डा, रामचंद्र प्रजापत, शीशपाल धीनवाल, महेंद्र बुंदेला, बुँदे खाँ लुहार, दिनेश खंडेलवाल, शिव कुमार शर्मा, माणक सैनी सहित शान्ति समिति के सदस्य व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

151 कन्याओं का पूजन कर कराया प्रसाद ग्रहण

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी । श्री सीताराम जी के मंदिर में चल रहे दुर्गा पूजा महोत्सव के पांचवें दिन शनिवार को स्कंदमाता की आरती कर 151 कन्याओं का पूजन कर प्रसाद ठाहण कराया। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक जयशंकर पुजारी ने बताया कि मंदिर के महंत एवं सनातन धर्म मंडल के अध्यक्ष बनवारी लाल पुजारी के सानिध्य में एवं विद्वान पंडितों के मंत्रो उच्चारण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई । उन्होंने बताया कि प्रवासी उद्योगपति शिवरतन सरावगी फिल्म अभिनेत्री प्रियंका सिंह,डॉ विपिन जैन, डॉ. दीपा अठावाल जैन की मौजूदगी में 151 कन्याओं की पूजा कर महाप्रसाद ठाहण किया । इस अवसर पर संरक्षक सुरेश जाजोदिया, जयप्रकाश सरावगी, श्यामसुंदर पुजारी मुंबई ,अध्यक्ष अमित कुमार जोशी, मंत्री ताराचंद ठेकेदार, उपाध्यक्ष नवीन काछवाल, शतरंज एसोसिएशन के मंत्री अमित शर्मा, पार्थ शर्मा, रामेश्वर मेघवाल, श्यामसुंदर सरावगी, राजेश बेदी, पंडित नरेंद्र पुजारी ,निखिल पुजारी, चिराग पुजारी, सुभाष पुजारी, रिंकू पुजारी महिलाएं व श्रद्धालु भक्त मौजूदगी थे ।

जीएसटी बचत उत्सव कार्यशाला आयोजित

लक्ष्मणगढ शेखावाटी । जीएसटी बचत उत्सव कार्यशाला का शुभारम्भ शनिवार को जाजोदिया गेस्ट हाउस में जन प्रतिनिधियों, व्यापार संघ के पदाधिकारियों की उपस्तिथी में राज्य कर विभाग के उपायुक्त दारासिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। उपायुक्त ने बताया कि जीएसटी 2.0 22 सितम्बर 2025 को पूरे देश में लागु हो गई है। जिसके फलस्वरूप नई कर संरचना में अब मुख्य रूप से चार के स्थान पर दो कर दरें 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत रही है। इससे अब कई रोज़मर्रा की चीजें जैसे हेयर ऑयल, शैम्पू, साबुन, टूथपेस्ट, मक्खन, घी, चीज, नमकीन, भुजिया, बर्तन, सिलाई मशीन एवं सौर उर्जा उपकरण सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा उपकरण, सीमेंट, ट्रैक्टर, बायो-पेस्टिसाइड्स, ड्रिप इरिगेशन, खेती मशीनें, हेल्थ व लाइफ इंश्योरेंस, दवाइयां, एसी, टीवी, डिश, वाशिंग मशीन, हाइब्रिड कार, मोटरसाइकिल, ट्रक आदि वस्तुऐ सस्ती उपलब्ध होगी, जिससे आम आदमी को फायदा मिलेगा। सहायक आयुक्त श्रीपाल सिंह ने नई और पुरानी दरों के तुलनात्मक तालिका से आमजन को मिलने वाले फायदों से अवगत करवाया। राज्य कर अधिकारी सुरेन्द्र तेतरवाल ने श्रेणीवार वस्तुओ के बारे में आने वाली समस्याओं और शंकाओं का समाधान किया। उन्होंने बताया कि विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि कर दरों में कटौती का पूर्ण लाभ आम आदमी को मिलें तथा बाजार में वस्तुएँ सस्ती हो।बैठक में जीएसटी सहायक आयुक्त श्रीपाल सिंह, राज्य कर अधिकारी सुरेन्द्र तेतरवाल, गोपाल कुमावत तथा व्यापारी वर्ग से विष्णु शर्मा पार्षद, रतन चिरानिया, ललित भूत, विकास जालान, नवल जालान, सुभाष जाजोदिया,अशोक नाऊवाला, रजनीश जाजोदिया, सुरेश बजाज उपस्थित रहे।

नगरपालिका करेगी दशहरा महोत्सव का आयोजन

नोहर, (निसं.) यहां नगर पालिका की ओर से पहली बार दशहरा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस संबंध में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन यहां नगरपालिका परिसर में किया गया, जिसमें पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं राजस्थान मदरसा बोर्ड की पूर्व अध्यक्ष मेहरूनिशा टाक ने बताया की दशहरा महोत्सव के तहत दो दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसमें 1 अक्टूबर को डांडिया नाईट का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आमजन परिवार सहित भाग ले सकते हैं। इसके अलावा 2 अक्टूबर को बालकृष्ण बिहाणी स्टेडियम में रावण, कुंभकरण व मेघनाथ के पुतले का दहन किया जाएगा। उन्होंने बताया इससे पूर्व रामलीला कमेटी की ओर से शहर में झांकी भी निकल जाएगी, जो कि पारीक धर्मशाला से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्ग से होते हुए भी बिहाणी स्टेडियम पहुंचेगी। इस दरमियान रामलीला के कलाकारों द्वारा विभिन्न चौक- चौराहा पर युद्ध का मंचन भी किया जाएगा। इससे पूर्व यहां विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों की एक संयुक्त बैठक आयोजन भी किया गया, जिसमें इस महत्वपूर्ण आयोजन को लेकर सभी से सुझाव लिए गए। बैठक में ईओ बसंत सैनी ने आयोजन से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में सभी की भागीदारी रहेगी आमजन भी इसे अपना कार्यक्रम मानकर इसमें सम्मिलित हो। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक इस आयोजन में भाग लेने की अपील की। बैठक में श्रीराम सेवा समिति के अध्यक्ष नारायण छिपा, श्रीराम नवयुवक विजय नाट्यय परिषद रामलीला कमेटी के अध्यक्ष चौथमल पारीक, एनडीबी कॉलेज के प्राचार्य डॉ अमर सिंह मुनपरिया, राजकीय पीएमश्री उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र मिश्रा सहित अनेकगणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस मौके पर सभी ने आयोजन से जुड़े अपने-अपने सुझाव दिए।

भरत मिलाप का मंचन

चूरू । श्री हनुमान कला मंदिर रेलवे कॉलोनी की ओर से चल रही रामलीला में केवट प्रसंग और भरत मिलाप का मंचन मुख्य आकर्षण रहा। कार्यक्रम में महिपाल सिंह दशरथ, नेमीचंद ने केकैयी, अमित राज पांडे ने राम, अमित पांडे ने लक्ष्मण, राजकुमार सोनी ने भरत, हर्ष ने शत्रुघ्न, नंदकिशोर बरोड़ ने केवट, सूरज ने कलवा, हेमंत ने कौशल्या, पवन ने सुमित्रा, दिनेश ने सीता, विक्रम सांखला ने वशिष्ठ व प्रेम ने सुमंत का अभिनय किया। रामलीला में कलाकारों ने आकर्षक मंचन कर कलाकारों का जमकर उत्साह वर्धन किया।

11 करोड़ रुपये की स्वीकृति

नोहर,(निसं.) पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया की अनुशंषा पर शहरी जल योजना में विभिन्न पेयजल आपूर्ति कार्यों हेतु अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत 11.06 करोड़ रुपये की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृत्ति जारी करने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू जल विभाग मंत्री कन्हैया लाल चौधरी का हार्दिक आभार जताया। अभिषेक मटोरिया ने बताया कि नोहर शहर में हर घर जल पहुँचाने हेतु 11.06 करोड़ रुपये की लागत से 600 केएल एवं 500 केएल के दो नए उच्च जलाशय, 1.03 किमी दूरी की मुख्य पाइप लाइन, 39.34 किमी दूरी की वितरिका पाइप लाइन व रैपिड ग्रेविटी फिल्टर प्लांट के जीर्णोद्धार कार्य करवाने की स्वीकृक्ति जारी कर दी गई है।

अमृता हाट एवं शेखावाटी उद्योग मेला एक अक्टूबर से

■ इच्छुक महिला उद्यमी, स्वयं सहायता समूह 28 सितम्बर तक कार्यालय उपनिदेशक महिला अधिकारिता विभाग में पंजीकरण करवा सकते है

सीकर, । महिला अधिकारिता विभाग सीकर उपनिदेशक राजेन्द्र कुमार चौधरी ने बताया कि महिला अधिकारिता विभाग एवं जिला उद्योग केन्द्र, सीकर के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय अमृता हाट एवं शेखावाटी उद्योग मेला का आयोजन 1 अक्टूबर से 7 अक्टूबर 2025 तक अरबन हाट परिसर, सीकर में किया जाएगा।

इस आयोजन का उद्देश्य महिला उद्यिमयों और महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार हस्तनिर्मित उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना एवं उनके आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। मेले में राज्य के विभिन्न जिलों से महिला उद्यमी एवं स्वयं सहायता समूह भाग लेंगी, जो अपने द्वारा निर्मित खाने-पीने का शुद्ध समान वाजिब मूल्य पर उपलब्ध रहेगा। साथ ही हैंडीक्राफ्ट, हैंडब्लॉक, कास्मेंटिक, मसाला, मिट्टी के बर्तन, मिररवर्क, क्लेआइटम, खाने के आइटम, खिलौने, स्टेशनरी, कोटाडोरिया, शेखावाटी परिधान, ऊनीवस्त्र, पापड, भुजिया, तिलकुटा अचार, लाईव लाख कला, जुट हैंडीक्राफ्ट, हस्तनिर्मित पेन्टिंग और मूर्तियां, टेराकोटा, बंदरवाल, चमडें की जूतीं, गुजराती फूड, ऑर्टिफिसियल ज्वैलरी एंव अन्य घरेलू सामान खरीददारी के लिए उपलब्ध रहेगा तथा मेलें में विशेष आकर्षण के रुप में ओपन थियेटर, कैफे टेरिया, फूडजॉन, लजीज व्यंजन, पॉटरी कला, लाईव लाख कला, डांडिया नाईट, लाईव सिगिंग शो, किड्स जॉन सेल्फीजॉन, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा विभागीय जागरुकता कार्यशालाओं का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान मेंहन्दी प्रतियोगिता, लोकनृत्य प्रतियोगिता, पेटिंग एंव रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता, म्यूजिकल चैयर प्रतियोगिता एंव पारम्परिक वेषभूषा प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जायेगा। अब तक 70 महिला उद्यमी, महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्टॉल का पंजिकरण करवा लिया गया है। इच्छुक महिला उद्यमी, स्वयं सहायता समूह एंव प्रतियोगिता में भाग लेन के लिए इच्छुक 28 सितम्बर तक कार्यालय उपनिदेशक महिला अधिकारिता विभाग में पंजीकरण करवा सकते है।

टी.बी. से ग्रसित ग्रामीण को मिला नया जीवन

सीकर। ग्राम पंचायत सांवलपुरा तंवरान (सीकर) में आयोजित ठाामीण सेवा शिविर आमजन के लिए संजीवनी साबित हो रहा है। ठाम चूड़ला निवासी जयराम मीणा पुत्र रामेश्वर मीणा, जो विगत कई दिनों से टी.बी. (क्षय रोग) से पीड़ित थे, को शिविर में टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, नियमित दवा तथा पोषण किट प्रदान की गई। जयराम मीणा का उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सांवलपुरा तंवरान में चल रहा है, जहां उन्हें नियमित परामर्श एवं दवा मिल रही है। सेवा शिविर में निःशुल्क उपलब्ध करवाई गई स्वास्थ्य सुविधाओं से भावुक होकर प्रार्थी ने चिकित्सा विभाग एवं राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। जयराम मीणा ने कहा कि बीमारी के कारण वह मानसिक व आर्थिक रूप से बेहद परेशान थे, लेकिन ठाामीण सेवा शिविर के माध्यम से उन्हें नई आशा मिली है।

आमजन को मिला योजनाओं का लाभ

सीकर । नगर परिषद फतेहपुर शेखावाटी द्वारा शहरी सेवा शिविर का आयोजन ईदगाह स्कूल में किया गया शिविर वार्ड संख्या 06, 11, 12, 13, 14 और 15 के लिए आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों ने भाग लिया और आमजन की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। आयुक्त अनिता खिचड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में नगर परिषद सहित चिकित्सा, खाद्य, विद्युत, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास आदि विभागों ने भाग लिया। शिविर के दौरान नागरिकों से प्राप्त आवेदनों और शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया गया। शिविर में नगर परिषद द्वारा स्ट्रीट लाइट से संबंधित 9 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 78 स्ट्रीट लाइटों को ठीक किया गया। कृषि भूमि पट्टों से संबंधित 2 और 69-क पट्टों से जुड़े 3 आवेदन प्राप्त हुए। सड़कों की मरम्मत के तहत 29.6 वर्ग मीटर क्षेत्र में पेचवर्क किया गया और 823 मीटर नालियों की सफाई की गई।

क्षेत्र की जर्जर सड़कों और अव्यवस्था से त्रस्त जनता

■ जनप्रतिनिधियों ने सरकार को लिया घेर

पाटन । बरसात के मौसम के गुजर जाने के बाद जहां राहत की उम्मीद थी, वहीं अब क्षेत्र की हालत बद से बदतर होती जा रही है। पाटन, नीमकाथाना और आसपास के इलाकों में सड़कों की जर्जर स्थिति और सरकारी अव्यवस्था ने आम जनजीवन को पूरी तरह से प्रभावित कर दिया है।धूल, कीचड़ और गड्ढों से जूझ रही जनता अब सरकार से सीधे सवाल पूछ रही है।

रोज़मर्रा की ज़िंदगी में बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी लोगों को खल रही है।जनता की इस पीड़ा को स्वर देते हुए जिला परिषद सदस्य पद के उम्मीदवार दिनेश कुमार यादव (छाजा का नांगल) ने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, यह सरकार सिर्फ तबादलों की राजनीति में उलझी है। हर विभाग-चाहे बिजली बोर्ड हो, सरकारी स्कूल हो, अस्पताल या पुलिस थाना-हर जगह स्टाफ के तबादले कर दिए गए हैं, लेकिन नई नियुक्तियां नहीं की गईं। इससे स्पष्ट है कि जनहित प्राथमिकता नहीं, बल्कि राजनीतिक गणित है।क्षेत्र में खनिज विभाग की कार्यप्रणाली भी संदेह के घेरे में है। रोयल्टी टेंडर अब तक लंबित है, जिससे कुछ चुनिंदा व्यवसायियों और अधिकारियों की मनमानी सामने आ रही है। जनता पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग कर रही है, लेकिन विभागीय चुप्पी स्थिति को और गंभीर बना रही है।करजो रोड, नीमकाथाना बाईपास रोड, डाबला स्टेशन, बिहार सड़क, बिहारीपुर, हसामपुर, धांधेला जैसी प्रमुख सड़कें टूटकर बिखर चुकी हैं। इन पर सफर करना अब जोखिम उठाने जैसा हो गया है। उड़ती धूल और गड्ढों की भरमार न केवल दुर्घटनाओं का कारण बन रही है, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर डाल रही है।नीमकाथाना के विधायक सुरेश मोदी द्वारा बार-बार क्षेत्रीय समस्याओं को सदन में उठाया गया, लेकिन सरकार ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। वहीं भाजपा के एक पराजित उम्मीदवार के कथन ने और आग में घी डालने का काम किया। उन्होंने कहा कि चूंकि जनता ने उन्हें वोट नहीं दिया, इसलिए उनके क्षेत्र में काम नहीं होंगे। इससे क्षेत्रीय मतदाताओं में भारी आक्रोश है।जनता का कहना है कि अब वे इस उपेक्षा को और अधिक बर्दाश्त नहीं करेंगे। सरकार की निष्क्रियता और राजनीतिक खेलों के बीच आम आदमी पिसता जा रहा है। लेकिन जनता यह भी स्पष्ट कर रही है कि लोकतंत्र में समय आने पर जवाब देना उन्हें आता है।क्षेत्र की बिगड़ती स्थिति सरकार के लिए एक साफ चेतावनी है। अगर जल्द ही सड़कों की मरम्मत, विभागीय रिक्तियों की पूर्ति और प्रशासनिक सक्रियता सुनिश्चित नहीं की गई, तो जन असंतोष और अधिक गहराएगा।

दुनिया भर के चुनिंदा शिक्षाविदों का चयन

सीकर/जयपुर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय को लंदन स्कूल ऑफ डिजिटल बिजनेस की ओर से आयोजित 2025 ग्लोबल अवॉर्ड्स में प्रतिष्ठित 'वाइस-चांसलर ऑफ द ईयर' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।

यह सम्मान उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में असाधारण नेतृत्व, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रदान किया गया। कुलगुरु प्रो. अनिल कुमार राय को 6 नवम्बर 2025 को दुबई में ठौंड अवॉर्ड्स समारोह में आमंत्रित किया गया है, जहाँ विजेता कुलगुरुओं को ट्रॉफी और सम्मान प्रदान किए जाएंगे। इस सम्मान के लिए दुनिया भर में चुनिंदा शिक्षाविदों का चयन हुआ है और राजस्थान से प्रो. अनिल कुमार राय को यह उपलब्धि हासिल हुई है। आयोजन समिति ने ईमेल पर बताया कि इस वैश्विक समारोह में 74 देशों से 500 से अधिक प्रतिभागियों और यूट्ययूब पर एक हजार से अधिक दर्शकों ने हिस्सा लिया।

प्रो. राय ने दिया विवि परिवार को अवार्ड का श्रेय सम्मान मिलने पर कुलगुरु प्रो. राय ने कहा कि यह 'वाइस-चांसलर ऑफ द ईयर' अवॉर्ड मेरे लिए गर्व का क्षण है। यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि पूरे विश्वविद्यालय परिवार, विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों का है। मैं 2025 और लंदन स्कूल ऑफ डिजिटल बिजनेस का आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने मेरे प्रयासों को यह अंतरराष्ट्रीय मान्यता दी।

प्रो. राय की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय परिवार, शेखावाटी क्षेत्र के शिक्षाविदों और विद्यार्थियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण है।इस उपलब्धि ने शेखावाटी विश्वविद्यालय को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई है। 23 पुस्तकों के लेखक-संपादक और अनेक पुरस्कार मिल चुके है प्रो.राय को उल्लेखनीय है कि प्रोफेसर अनिल राय महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्याय, मोतीहारी, बिहार के कार्यकारी कुलपति तथा प्रति कुलपति रह चुके है। उच्च शिक्षा तथा पत्रकारिता के क्षेत्र में किए गए महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रो. राय को भारत ज्योति पुरस्कार, संचारश्री पुरस्कार, उत्कृष्ठ शिक्षक सम्मान तथा सामाजिक- सांस्कृतिक क्षेत्र में किए गए योगदानों के लिए विदर्भभूषण पुरस्कार, द्वारिकाधीश मानद उपाधि जैसे अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कारों से अलंकृत किया गया है। 23 पुस्तकों के लेखक-संपादक- संचयक, दर्जनों शोध पत्रों के प्रस्तोता, प्रो. अनिल कुमार राय इससे पूर्व वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर, उत्तर प्रदेश के जनसंचार विभाग के संस्थापक अध्यक्ष रह चुके हैं तथा वहां कार्य परिषद, विद्या परिषद तथा अध्ययन मण्डल अध्यक्ष के माध्यम से उच्च शिक्षा के उन्नयन में अपना योगदान दे चुके हैं तथा देश के अनेक विश्वविद्यालयों में विविध विद्वत परिषद के सदस्य के रूप में अपना योगदान प्रदान कर रहे हैं।

सीकर में विविध कार्यक्रम आयोजित

सीकर । विश्व पर्यटन दिवस 2025 के अवसर पर शनिवार को पर्यटक स्वागत केन्द्र, सीकर द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम है, जिसके अंतर्गत पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, कला एवं संस्कृति के संवर्धन पर विशेष ध्यान दिया गया। सहायक निदेशक, पर्यटन विभाग अनु शर्मा ने बताया कि जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल राजकीय संठाहालय सीकर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया तथा हेरिटेज वॉक का आयोजन किया गया जिसमें आमजन एवं पर्यटकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राजकीय संग्रहालय में लोक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिससे स्थानीय कला एवं संस्कृति को प्रोत्साहन मिला। साथ ही, देशी-विदेशी पर्यटकों का परंपरागत तिलक, माल्यार्पण एवं पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। पर्यटन विभाग एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्मृति वन में पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

80 प्रतिभागियों ने दी दमदार प्रस्तुतियां

पाटन । गुढ़ा पब्लिक स्कूल, दिल्ली-सीकर बाईपास स्थित, में एक भव्य अखिल भारतीय अंतर विद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से आए 30 से अधिक प्रतिष्ठित विद्यालयों के 80 से अधिक प्रतिभागियों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता का विषय था - सोशल मीडिया वास्तविक जीवन के संचार को नष्ट कर रहा है, जिस पर विद्यार्थियों ने पक्ष एवं विपक्ष में प्रभावशाली एवं तार्किक तर्क प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उद्घाटन अवसर पर गुढ़ा एजुकेशन हब के निदेशक के. सत्येंद्र ने सभी गणमान्य अतिथियों, निर्णायकगण, प्रतिभागी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का हार्दिक स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता नीमकाथाना क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई मिसाल है, जो छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।कार्यक्रम की अध्यक्षता गुढ़ा एजुकेशन हब के चेयरमैन संपत बेनीवाल ने की। अपने प्रेरणादायक संबोधन में उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतिस्पर्धाएं विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को प्रबल करती हैं और उन्हें भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करती हैं।प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रो. खिलेश कुमार,प्रो. सुनील कुमार, एसकेपी राजकीय महाविद्यालय, रोहतास डूडी, निदेशक, एमडीएस पब्लिक स्कूल, शामिल रहे।

जिन्होंने निष्पक्ष रूप से प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता के विपक्ष में प्रथम स्थान पर अमन, दिल्ली पब्लिक स्कूल, झुंझुनू,द्वितीय स्थान पर मेघा शर्मा, विद्या मंदिर, पिलानी, तथा तृतीय आरजू सैनी, गुढ़ा पब्लिक स्कूल, गुढ़ा गोडजी रहे।पुरस्कार विजेता पक्ष में प्रथम इशिका दाधीच, जी बी मोदी पब्लिक स्कूल,द्वितीय वंशिका, गुढ़ा पब्लिक स्कूल, गुढ़ा गोडजी,तृतीय गीतांजलि, दिल्ली पब्लिक स्कूल, झुंझुनू रही।विजेताओं को क्रमशः 11,000 (प्रथम), 5,100 (द्वितीय), 3,100 (तृतीय) तथा अगले 6 स्थान तक 1,100 सांत्वना पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए गए।ओवरऑल ट्रॉफी में प्रथम स्थान दिल्ली पब्लिक स्कूल, झुंझुनू,प्रथम रनर अप गुढ़ा पब्लिक स्कूल, गुढ़ा गोडजी,द्वितीय रनर अप श्री विद्या मंदिर, पिलानी रहे।सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो भेंट किए गए। साथ आए शिक्षकों को भी सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।समापन समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. पी. के. भाटी ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को अपने विचार व्यक्त करने, नवीन सोच विकसित करने और तार्किकता को समझने का सशक्त मंच प्रदान करती हैं।इस अवसर पर डॉ. रविंद्र सिंह शेखावत (निदेशक, केएस इंटरनेशनल एकेडमी, बगड़), अरविंद त्रिपाठी (निदेशक, दिल्ली पब्लिक स्कूल, झुंझुनू) एवं सचिव मुकेश यादव भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।मंच संचालन प्रशासक अजय घायल एवं सुश्री पूर्णिमा जांगिड़ द्वारा किया गया, जिन्होंने आयोजन को कुशलता से संचालित कर सभी का ध्यान आकर्षित किया।

मेगा हाइवे से हटाये जाऐंगे अतिक्रमण

नोहर, (निसं.)। शुक्रवार देर शाम तक अतिक्रमियों को नोटिस जारी कर दिए। रिडकोर के उच्चाधिकारियों ने बताया कि नोटिस तैयार करने में कानूनी पक्ष को शामिल किया जा रहा है। जिससे अतिक्रमण हटाने में किसी प्रकार की अड़चन न आए। शुक्रवार को नोटिस तैयार कर लिए जाएंगे। जो अतिक्रमी नोटिस लेने में आनाकानी करेगा उसके चस्पा कर दिया जाएगा। रिडकोर प्रबंधन के सूत्रों ने बताया कि तीन से चार दिन का नोटिस जारी करने के बाद अतिक्रमण स्वतः नहीं हटाने पर तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात रहे कि रिडकोर के अधिकारियों ने गुरुवार को मेगा हाईवे पर सरकारी अस्पताल के ट्रोमा सेंटर से फाटक तक अतिक्रमण को चिन्हित कर लाल निशान लगाए थे।

सार-समाचार

दो दिवसीय शैक्षिक सम्मेलन आयोजित

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटा ।राजस्थान प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ का दो दिवसीय शैक्षिक सम्मेलन स्काउट भवन में प्राचार्य रामचन्द्र खीचड़ की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। सम्मेलन में शिक्षकों की स्थाई स्थानांतरण नीति बनाने, शैक्षिक नवाचार, शैक्षिक उन्नयन, नामांकन वृद्धि, गुणात्मक शिक्षा, संस्कारवान शिक्षा देने, शिक्षा विभाग के संविदा शिक्षकों का स्थाईकरण सहित शिक्षकों की 11 सूत्री मांग पत्र पर मंथन हुआ। अधिवेशन के समापन सत्र में प्रदेश उपाध्यक्ष जोगेंद्र सिंह रणवा, प्रदेश मंत्री हरलाल सिंह महरिया, प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश मातवा सहित अनेक वक्ताओं ने संबोधित किया। संयोजक महावीर पूनिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया गया।इस अवसर पर निर्वाचन अधिकारी प्राचार्य रामचन्द्र खीचड़ की देखरेख में जिला कार्यकारिणी का निर्वाचन संपन्न हुआ।जिसमें संरक्षक रामस्वरूप माली, सभा अध्यक्ष नरेंद्र गोदारा, जिला अध्यक्ष महावीर पूनिया, जिला मंत्री हरिराम डोटासरा , कोषाध्यक्ष बाबूलाल जांगिड़, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज दाधीच, उपाध्यक्ष सुरेंद्र गोदारा, महिला मंत्री इंदुबाला खीचड़, शारीरिक शिक्षा प्रतिनिधि कविता सैनी, संस्कृत शिक्षा प्रतिनिधि अनीता चौधरी, एमजीजीएस प्रतिनिधि ममता चौधरी एवं अदिति खीचड़, माध्यमिक शिक्षा प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा, कंप्यूटर अनुदेशक प्रतिनिधि अंकित मौर्य व वीरेंद्र कुमार, राजेश कुमार सहित 21 सदस्य शिक्षकों का निर्वाचन किया गया।इस अवसर पर गणेश चौहान, छोटू राम कस्वा, रामेश्वर मंडीवाल, अशोक चाहर, रामकृष्ण डोटासरा, राजेश बिवाल, रवि मुदगल, मुकेश टेलर, सुभाष जांगिड़ सहित जिले भर के शिक्षक उपस्थित रहे।

शिक्षक ही व्यक्ति को सही मार्ग की ओर अग्रसर करता है : सहारण

चूरू । राजस्थान शिक्षा सेवा प्राध्यापक संघ रेसला का जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन शनिवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गाजसर में जिलाध्यक्ष अमित सहारण की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हरलाल सहारण थे। वहीं विशिष्ट अतिथि सीडीईओ गोविन्द सिंह राठौड़, सहायक निदेशक महेन्द्र बड़सरा व प्रधानाचार्य मुकुल भाटी थे। इस दौरान अतिथियों का माल्यार्पण कर, प्रतीक चिह्न प्रदान कर व दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विधायक सहारण ने गुरू की महिमा का वर्णन करते हुये कहा कि एक शिक्षक ही व्यक्ति को सही मार्ग दिखाता है, अर्थात गुरू के बिना ज्ञान अधूरा है। सीडीईओ गोविन्द सिंह राठौड़ ने शिक्षकों को विद्यालय की रीढ़ बताते हुए शिक्षा के स्तर को उठाने व नामांकन में वृद्धि के लिए उन्हें प्रेरित किया और सभी पदोन्नत उप प्राचार्यों को शुभकामनाएं दी। सहायक निदेशक महेन्द्र बड़सरा ने भी शैक्षिक गतिविधियां बढ़ाने पर बल दिया। वहीं मुकुल भाटी ने सभी व्याख्याताओं को शैक्षिणक उन्नयन पर नवाचार के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जिला सभा अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा व जिला महामंत्री राकेश किलानिया ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अमित सहारण के नेतृत्व में रेसला के